**बृजमोहन अग्रवाल**
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं. 0771-4049410
ई-मेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

क्रमांक 3669 /सांसद रायपुर लोकसभा/ रायपुर, दिनांक 04/05/2025

प्रति,

**माननीय श्री विष्णुदेव साय जी**
मुख्यमंत्री,
छत्तीसगढ़
अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

**विषयः– एडवांस कार्डियक इंस्टि्टयूट मेकाहारा रायपुर में ओपन हार्ट सर्जरी एवं बायपास सर्जरी की सुविधा तत्काल उपलब्ध कराने बाबत्।**

–00–

महोदय,

एडवांस कार्डियक इंस्टि्टयूट मेकाहारा रायपुर प्रदेश का एकमात्र शासकीय सेंटर है जहां पर बायपास और ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है किन्तु अत्यंत पीड़ा के साथ यह कहना पड़ रहा है कि अनेक निर्देशों/ समय–समय पर किये जा रहे व्यवस्थाओं के बाद भी इस सेंटर से हृदय रोग से संबंधित सर्जरी का फायदा प्रदेश के गरीब जनता को नही मिल पा रहा है और प्रदेश की गरीब जनता निजी अस्पतालों में लूट के शिकार होने के लिए मजबूर है।

मेकाहारा रायपुर में स्थित इस सेंटर में (हार्ट का हॉस्पिटल) में बायपास सर्जरी एवं ओपन हार्ट सर्जरी पूर्णतः बंद है। स्वसाशी परिषद की बैठक सहित अनेक अवसरों पर बैठक के दौरान मैंने स्वयं एंव जनप्रतिनिधियों ने इस विषय ध्यान आकृष्ठ किया था। किन्तु प्रशासन के उपेक्षापूर्ण व्यवहार के चलते सर्जरी का कार्य वर्तमान में बंद है। गरीब मरीजों को सिर्फ तारीख पर तारीख दी जा रही है झूठा आश्वासन दिया जा रहा है, मरीज असमय ईलाज के अभाव में दम तोड़ने को मजबूर है और सिर्फ अपनी पारी का इंतजार कर रहे है या फिर गरीब मरीज अपना घर जमीन बेचकर निजी अस्पतालों में ईलाज कराने के लिए बाध्य हो रहे है।

माननीय मेरा आपसे विनम्र आग्रह है कि आप स्वयं वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक आयोजित कर इस विषय में तत्काल कोई निर्देश करें जिससे एडवांस कार्डियक इंस्टि्टयूट मेकाहारा रायपुर में प्रदेश के गरीब जनता को हृदय रोग की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध हो सकें।

सादर,

(बृजमोहन अग्रवाल)